CAREERINDIA

SET – 1

Series : GBM/C

कोड नं.
Code No. **59/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.ca

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : **100***

CAREERINDIA

सामान्य निर्देश :

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न–संख्या* ***1–5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***एक*** *अंक का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न–संख्या* ***6–10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***दो*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न–संख्या* ***11–16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***चार*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न–संख्या* ***17*** *से* ***21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***पाँच*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न–संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न–संख्या* ***22*** *से* ***27*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***छः*** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

www.careerindia.com

CAREERINDIA

1. शीत युद्ध के दौरान, दोनों महाशक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता का मुख्य कारण क्या था ? **1**

What was the main reason for the rivalry between the two super-powers during Cold War ?

2. निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रथम खाड़ी युद्ध के बारे में **सत्य** है ? **1**

(a) इसने सोवियत संघ की कमजोरी को उजागर किया ।

(b) इसने संयुक्त राज्य अमरीका एवं अन्य देशों की सैन्य क्षमता के बीच प्रौद्योगिक अंतर को उजागर किया ।

(c) इसने कुवैत की सेना की शक्ति को उजागर किया ।

(d) इसने तेल उत्पादक देशों में एकता पैदा की ।

Which one of the following statements is TRUE about the First Gulf War ?

(a) It revealed the weakness of the USSR.

(b) It revealed the technological gap between the US military capability and that of the other States.

(c) It revealed the strength of Kuwait military.

(d) It united the oil producing countries.

3. 'प्रिवी पर्स' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **1**

Explain the meaning of 'Privy Purse'.

4. उस जन आंदोलन को पहचानिये जिसकी माँग थी कि अपने प्राकृतिक संसाधनों पर स्थानीय समुदायों का नियंत्रण हो । **1**

Identify the popular movement which demanded the control of local communities over their natural resources.

5. आपके विचार में पूर्वोत्तर के लोगों की मुख्य समस्या क्या थी ? **1**

In your opinion, which was the main problem of the North-East people ?

6. सोवियत प्रणाली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

State any two features of the Soviet System.

7. वनों को तीव्र विनाश से बचाने के लिए कोई दो सुझाव दीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

Suggest any two methods to save the forests from rapid degradation.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

8. वैश्वीकरण ने विश्व राजनीति को किस प्रकार मुख्य रूप से प्रभावित किया ? **2**

How has globalisation affected the world politics in a major way ?

9. भारत द्वारा अनौपनिवेशीकरण के समर्थन में उठाए गए किन्हीं दो कदमों को उजागर कीजिए। **$2 \times 1 = 2$**

Highlight any two steps taken by India to support the decolonisation process.

10. सूची 'A' के अंतर्गत दी गई नीतियों/कार्यक्रमों का, सूची 'B' के अंतर्गत दिए गए राजनीतिक दलों से सही मिलान कीजिए। **$4 \times \frac{1}{2} = 2$**

| सूची – A | | सूची – B | |
|---|---|---|---|
| (a) | इसने तेलंगाना क्षेत्र में हिंसक विद्रोह को बढ़ावा दिया। | (i) | भारतीय जनसंघ |
| (b) | इसने एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के विचार पर ज़ोर दिया। | (ii) | स्वतंत्र पार्टी |
| (c) | यह पार्टी केन्द्रीकृत नियोजन, राष्ट्रीयकरण और सार्वजनिक क्षेत्र के विरुद्ध थी। | (iii) | भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस |
| (d) | इसने एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन के रूप में काम किया। | (iv) | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |

Match correctly the policies/programmes given in List A with the political parties given in List B :

| List – A | | List – B | |
|---|---|---|---|
| (a) | It encouraged violent uprisings in Telangana region. | (i) | Bhartiya Jana Sangh |
| (b) | It emphasized the idea of one country, one culture and one nation. | (ii) | Swatantra Party |
| (c) | It was critical of centralised planning, nationalisation and the public sector. | (iii) | Indian National Congress |
| (d) | It worked as a social and ideological coalition. | (iv) | The Communist Party of India |

11. ढाँचागत ताकत के रूप में अमरीकी वर्चस्व की व्याख्या कीजिए। **4**

Explain the US Hegemony as a structural power.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

12. संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश के रूप में भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए मज़बूत दावा है । किन्हीं दो उपयुक्त तर्कों के आधार पर इस दावे का समर्थन कीजिए । **2 × 2 = 4**

India, as a member nation of the U.N. has a strong claim on the permanent membership of the UN Security Council. Support this claim on the basis of any two suitable arguments.

13. 1947 में हुए भारत विभाजन के किन्हीं चार परिणामों का वर्णन कीजिए । **4 × 1 = 4**

Describe any four consequences of the Partition of India in 1947.

14. भारत पर 1962 के चीन द्वारा किए गए आक्रमण के किन्हीं दो मुख्य परिणामों का मूल्यांकन कीजिए । **2 × 2 = 4**

Evaluate any two major consequences of the Chinese invasion on India in 1962.

15. 1979 से 1985 तक के असम आंदोलन को बाहरी लोगों के विरुद्ध आंदोलन के रूप में क्यों समझा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Why is the Assam Movement (1979 to 1985) considered as a movement against the outsiders ? Explain.

16. 1989 से केंद्र में गठबंधन की सरकारों के युग की ओर ले जाने वाले किन्हीं चार बदलावों का वर्णन कीजिए । **4 × 1 = 4**

Describe any four developments that led to an era of coalition governments at the Centre since 1989.

17. नीचे दिये गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

भारत ने साम्यवादी रह चुके सभी देशों के साथ अच्छे संबंध कायम किए हैं लेकिन भारत के संबंध रूस के साथ सबसे ज्यादा गहरे हैं । भारत की विदेश नीति का एक महत्त्वपूर्ण पहलू भारत का रूस के साथ संबंध है । भारत-रूस संबंधों का इतिहास आपसी विश्वास और साझे हितों का इतिहास है । भारत-रूस के आपसी संबंध इन देशों की जनता की अपेक्षाओं से मेल खाते हैं ।

(a) रूस के अतिरिक्त, कौन सा साम्यवादी देश एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है ?

(b) भारत और रूस के संबंधों को सबसे मज़बूत क्यों समझा जाता है ? कोई दो कारण लिखिए ।

(c) किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा यह दर्शाइए कि भारत और रूस के संबंधों का इतिहास आपसी विश्वास और साझे हितों पर आधारित है ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

India has maintained good relations with all the post-communist countries. But the strongest relations are still those between Russia and India. India's relations with Russia are an important aspect of India's foreign policy. Indo-Russian relations are embedded in a history of trust and common interests and are matched by popular perceptions.

(a) Other than Russia which communist country is emerging as a big power ?

(b) Why are the relations between India and Russia the strongest ? Give any two reasons.

(c) Give any two examples of Indo-Russian relations to show the history of trust and friendship.

18. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 2 + 2 = 5**

देश के विशाल आकार और मतदाताओं की भारी-भरकम संख्या के लिहाज़ से ही पहला आम चुनाव अनूठा नहीं था, बल्कि मतदाताओं की एक बड़ी तादाद गरीब और अनपढ़ लोगों की थी और ऐसे माहौल में यह चुनाव लोकतंत्र के लिए परीक्षा की कठिन घड़ी थी । इस वक्त तक लोकतंत्र सिर्फ धनी देशों में ही कायम था, मुख्यतया यूरोप तथा ऊत्तर अमेरिका, जहाँ लगभग सभी शिक्षित थे । उस समय यूरोप के बहुतेरे देशों में महिलाओं को मताधिकार नहीं मिला था । ऐसे में हिन्दुस्तान में सार्वभौम वयस्क मताधिकार पर अमल हुआ और यह अपने आप में बड़ा जोखिम भरा प्रयोग था ।

(a) 'सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार' का क्या अर्थ है ?

(b) स्वतंत्रता के पश्चात, भारत के पहले आम चुनाव को किस आधार पर अनूठा तथा लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा कहा जाता है ?

(c) प्रथम आम चुनावों की सफलता ने किस प्रकार भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत किया ?

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

It was not just size of the country and the electorate that made this election unusual. The first general election was also the first big test of democracy in a poor and illiterate country. Till then, the democracy had existed only in the prosperous countries, mainly in Europe and North America, where nearly everyone was literate. By that time, many countries in Europe had not given voting rights to all women. In this context, India's experiment with universal adult franchise appeared very bold and risky.

(a) What does 'universal adult franchise' mean ?

(b) What made the first general election in India after independence unusual and the biggest test of democracy ?

(c) How did the success of the first General Elections strengthen the democratic process in India ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

19. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िये और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1 + 2 + 2 = 5**

कांग्रेस की टूट से इंदिरा गांधी की सरकार अल्पमत में आ गई। बहरहाल, डी.एम.के और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी समेत कुछ अन्य दलों से प्राप्त मुद्दा–आधारित समर्थन के बल पर इंदिरा गांधी की सरकार सत्ता में बनी रही। इस अरसे के दौरान सरकार ने सचेत रूप से अपनी छवि को समाजवादी रंग में पेश किया। ... दूसरे राजनीतिक दलों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने, संसद में अपनी पार्टी की स्थिति मजबूत करने और अपने कार्यक्रमों के पक्ष में जनादेश हासिल करने की गरज से इंदिरा गांधी की सरकार ने 1970 के दिसम्बर में लोकसभा भंग करने की सिफारिश की।

(a) मुख्यतः कौन सी घटना के कारण क्रांग्रेस पार्टी में टूट पैदा हुई ?

(b) अपनी सरकार की छवि को समाजवादी रंग में पेश करने के लिए इंदिरा गांधी द्वारा किए गए किन्हीं दो प्रयासों का आकलन कीजिए।

(c) 1970 में लोकसभा भंग करने का क्या परिणाम निकला ?

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

The split in the Congress Party reduced Indira Gandhi Government to a minority. Yet, her government continued in office with the issue-based support of a few other parties including the Communist Party of India and the DMK. During this period, the government made conscious attempts to project its socialist credentials. … In order to end her dependence on other political parties, strengthen her party's position in the Parliament and seek a popular mandate for her programmes, Indira Gandhi's government recommended the dissolution of the Lok Sabha in December 1970.

(a) Which event was mainly responsible for the split in the Congress Party ?

(b) Assess any two efforts made by Indira Gandhi to project socialist credentials of her government.

(c) What was the outcome of the Lok Sabha dissolution in December 1970 ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20.




ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

(i) दिया गया कार्टून किस सैनिक ऑपरेशन से संबंधित है ?

(ii) इस सैनिक हमले का उद्देश्य क्या था ? यह किस सीमा तक न्यायसंगत था ?

(iii) सैनिक की वर्दी (यूनिफार्म) पर लिखे हुए विभिन्न देशों के नामों का क्या महत्त्व है ?

Study the cartoon given above carefully and answer the following questions :

(i) The given cartoon is related to which military operation ?

(ii) What was the objective behind this military operation ? How far was it justified ?

(iii) What do the names of different countries written on the uniform of the soldier signify ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर हैं : **1 + 2 + 2 = 5**

20.1. प्रधानमंत्री चाऊ-एन-लाई किस विचारधारा से संबंधित थे ?

20.2. भारत और चीन के बीच संघर्ष के किन्हीं दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए ।

20.3. चीन ने अपना राजनैतिक तथा आर्थिक एकांतवास कब और कैसे समाप्त किया ?

**Note :** The following questions are for the **Visually-Impaired** candidates only in lieu of Q. No. **20 :**

20.1 Mention the ideology to which Premier Zhou Enlai belonged.


20.2 State any two areas of conflict between China and India.

20.3 When and how did China end its political and economic isolation ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

21.




दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ द्वारा चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : **5 × 1 = 5**

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

www.care

CAREERINDIA

(i) 1947 के विभाजन के समय इस राज्य को पाकिस्तान और भारत के बीच विभक्त किया गया था ।

(ii) यह भारत का 29 वाँ राज्य है ।

(iii) यह राज्य 1966 में बनाया गया था ।

(iv) इस राज्य का पहला मुख्यमंत्री लालडेंगा था ।

(v) यह राज्य सरदार सरोवर बाँध से संबंधित है ।

In the given political outline map of India, five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of information given below and write their correct names with their respective serial number of the information used and the related alphabet as per the following table :

| Serial No. of the information used | Related Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) This State was divided between Pakistan and India at the time of Partition in 1947.

(ii) This State is the 29th State of India.

(iii) This State was formed in 1966.

(iv) This State had Laldenga as its first Chief Minister.

(v) This State is related to Sardar Sarovar Dam.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं : **5 × 1 = 5**

21.1 भारत के 29 वें राज्य का नाम लिखिए ।

21.2 पाकिस्तान के गठन के लिए मुस्लिम लीग द्वारा किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया था ?

21.3 1966 में भाषायी आधार पर बनाए गए दो राज्यों का नाम लिखिए ।

21.4 स्वतंत्रता के समय भारत के कौन से दो पूर्वोत्तर राज्य/क्षेत्र असम का भाग नहीं थे ?

21.5 अंगमी जापू फिज़ो भारत के किस राज्य से संबंधित थे ?

**Note :** The following questions are for **Visually-Impaired** candidates only in lieu of Q. No. **21** :

21.1 Name the 29th State of India.

21.2 Which theory was advocated by Muslim League for creation of Pakistan ?

21.3 Name the States formed in 1966 on the basis of language.

21.4 Which two North-eastern States/regions of India were not part of Assam at the time of independence ?

21.5 Angami Zapu Phizo was related to which State of India ?



www.careerindia.com

22. शॉक थेरेपी के किन्हीं छः परिणामों का विश्लेषण कीजिए । **$6 \times 1 = 6$**

**अथवा**

द्वि–ध्रुवीयता को चुनौती के रूप में गुट–निरपेक्षता की भूमिका का आकलन कीजिए ।

Analyse any six consequences of Shock Therapy.

**OR**

Assess the role of non-alignment as a challenge to bipolarity.

23. भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के किन्हीं चार मुद्दों की व्याख्या कीजिए । **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

**अथवा**

यूरोपीय संघ को एक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनाने वाले कारकों की पहचान तथा व्याख्या कीजिए ।

Explain any four issues of conflict between India and Pakistan.

**OR**

Identify and explain the factors that make the European Union a highly influential regional organisation.

24. विश्व में हिंसा को सीमित करने के लिए, आपके विचार में, सहयोग के कौन से तीन कदम महत्त्वपूर्ण हैं ? अपना दृष्टिकोण लिखिए । **$3 \times 2 = 6$**

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को आप आवश्यक क्यों मानते हैं ? किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

In your opinion, which three steps of co-operation are important to limit the violence in the world ? Give your view point.

**OR**

Why do you consider international organisations like the UN important for the world ? Analyse any three reasons.



CAREERINDIA
www.careerindia.com

25. विश्व भर में फैले हुए मूल निवासियों के सांझे हितों का वर्णन कीजिए । **6**

**अथवा**

वैश्वीकरण के पक्ष में, प्रौद्योगिकी द्वार विभिन्न तरीकों से दिए गए योगदान का वर्णन कीजिए ।

Describe the common interests of the indigenous people spread throughout the world.

**OR**

Describe the ways in which technology has contributed to the cause of globalisation.

26. 1975 में भारत में लगाए गए आपातकाल के अनुभव से सीखे गए किन्हीं तीन पाठों का वर्णन कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

1969 में कांग्रेस पार्टी में हुए विभाजन के किन्हीं तीन प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

Describe any three lessons learnt from the experience of emergency imposed in India in 1975.

**OR**

Describe any three effects of the split in the Congress Party in 1969.

27. जम्मू-काश्मीर में अशांति के लिए उत्तरदायी तीन मुख्य समस्याओं का परीक्षण कीजिए । उन समस्याओं के समाधान के लिए उपाय सुझाइए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

भारत के किसानों की प्रमुख समस्याओं का परीक्षण कीजिए । उनमें से किन्हीं तीन के समाधान के लिए उपाय सुझाइए । **3 + 3 = 6**

Examine the three main problems responsible for the unrest in Jammu and Kashmir. Suggest measures to solve these problems.

**OR**

Examine the major problems of the farmers (Kisans) in India. Suggest measures to solve any three of them.

---



www.careerindia.com